जिला स्तरीय युवा महोत्सव में लोक नृत्य पंथी में प्रतिभागियों ने किया प्रदर्शन

4




## खबर संक्षेप

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष के प्रयास से खुलेगा परिवहन का आटोमेटेड फिटनेस सेंटर

**जांजगीर-चांपा।** विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल के सतत प्रयास व अनुशंसा से जांजगीर-चाम्पा जिला के जिला मुख्यालय जांजगीर में परिवहन का आटोमेटेड फिटनेस सेंटर प्रारंभ होगा। इससे पूरे जिले व अंचल में गाड़ियों के फिटनेस की जांच अब जांजगीर में ही होगा। इसकी सुविधा आम जनता को प्राप्त होगी। पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप से मिलकर श्री चंदेल ने जिला मुख्यालय जांजगीर में परिवहन का फिटनेस सेंटर खोले जाने का आग्रह किया था जिसकी स्वीकृति शासन द्वारा प्राप्त हो गया है। जांजगीर में फिटनेस सेंटर की स्वीकृति प्राप्त होने पर नगर, जिला एवं अंचल के वाहन मालिक संघ सहित विभिन्न संस्थाओं, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों ने इसकी स्वीकृति प्रदान करने के लिये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, परिवहन मंत्री केदार कश्यप एवं छण्ग विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

### दीदी के गोठ का नया एपिसोड का प्रसारण आज

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के निर्देशन में दीदी के गोठ मासिक रेडियो कार्यक्रम का अगला एपिसोड 11 दिसम्बर को प्रसारित किया जाएगा। यह एपिसोड जेंडर कैंपेन नई चेतना 4.0 पर आधारित होगा। सभी जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया है कि कार्यक्रम का ग्राम स्तर से जिला स्तर तक अधिक से अधिक सुनिश्चित किया जाए तथा प्रचार-प्रसार व्यापक रूप से किया जाए। महिला सशक्तिकरण, समान अधिकार एवं जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रसारण किया जा रहा है। कार्यक्रम के लिए पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों में सामूहिक रूप से व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### नवीन गाइडलाइन दर तथा उपबंध हुआ लागू

**जांजगीर-चांपा।** राज्य में अचल (स्थावर) संपत्ति के बाजार मूल्य निर्धारण हेतु छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम 2000 प्रचलित था, उक्त प्रक्रियाओं को सरलीकरण करते हुए राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ गाइडलाइन दरों का निर्धारण नियम, 2000 लागू किया गया है। जिला पंजीयक चित्रसेन पटेल ने बताया कि कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक द्वारा छत्तीसगढ़ गाइडलाइन दरों का निर्धारण नियम, 2000 के प्रावधानों के तहत उप जिला व जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त, स्थावर संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण से संबंधित गाइडलाइन दर वर्ष 2025-26 को केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाकर 20 नवम्बर से संपूर्ण छत्तीसगढ़ में लागू की गई है। जिससे कि किसानों को उनके भूमि का वास्तविक दर अनुसार मुआवजा मिल सके तथा आम जनता को वास्तविक मूल्य अनुसार हाउसिंग लोन की राशि मिल सके।

### हसदेव नदी में नहाने गए तीन बच्चे लापता, खोज जारी

**जांजगीर-चांपा।** हसदेव नदी में नहाने गए तीन बच्चे लापता हो गए हैं। बताया जा रहा है कि तीनों बच्चे मनका पब्लिक स्कूल के छात्र हैं। बच्चे सुबह घर से निकले थे, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बाद भी जब उनका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बच्चों की तलाश शुरू कर दी गई है। नदी किनारे बच्चों की साइकिल, कपड़े और दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि बच्चे नहाने के दौरान नदी में उतरे होंगे। फिलहाल पुलिस और प्रशासन की टीम सर्च ऑपरेशन में जुटी हुई है।

---

कार्रवाई को लेकर अधीक्षण यंत्री द्वारा 24 टीमों का किया गया गठन

# लंबे समय से नहीं किया बिजली बिल भुगतान, 226 के काटे गए कनेक्शन





कार्रवाई करने पहुंचा अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा विद्युत संभाग क्षेत्र में बिजली का बिल लंबे समय से जमा नहीं करने वाले बकायादारों पर कार्रवाई करते हुए 226 विद्युत उपभोक्ताओं के लाइन विच्छेद किए गए है। अधीक्षण यंत्री द्वारा कार्रवाई को लेकर 24 टीमों का गठन किया गया है।

ज्ञात हो कि अकलतरा संभाग विद्युत विभाग द्वारा विद्युत बिल भुगतान हेतु लगातार सूचना प्रेषित की गई उसके बाद भी विद्युत बिल का भुगतान नहीं करने वाले 226 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन आज काटे गए। अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग जांजगीर वृत्त द्वारा कार्रवाई को आगे बढ़ते हुए 10 दिसंबर को जिले के 24 टीमों का गठन किया गया है जिनमें सक्ति संभाग के 6, चांपा संभाग के 7, एवं अकलतरा के 11 टीम शामिल हैं। सभी 24 टीमों द्वारा सघन विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई अकलतरा संभाग में की गई अकलतरा संभाग से एक ही दिन में 196 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन को काटा गया जिनमें से 130 उपभोक्ताओं से 33 लाख रुपए की राशि वसूल की गई।विदित हो कि अकलतरा क्षेत्र के 41 हजार सक्रिय उपभोक्ताओं से 61 करोड़ का विद्युत बिल बकाया है उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बिल भुगतान में रुचि नहीं दिखाई जा रही है। विद्युत कनेक्शन काटने व टीमों का गठन कर डोर टू डोर विद्युत कनेक्शन काटने की यह पहली करवाई थी वर्तमान में दो माह से अधिक दिनों तक विद्युत बिल का भुगतान न करने पर 371 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए जिनके 1 करोड़ 41 लाख रुपये बकाया थे एवं 24 टीमों का गठन कर डोर टू डोर जाकर 196 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए जिनके 74 लाख रुपये बकाया थे। 130 उपभोक्ताओं से 33 लाख 71 हजार रुपए की राशि जमा की। विद्युत विभाग के द्वारा उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए समय पर अपने विद्युत बिल का भुगतान करें लक्ष्य प्राप्ति तक विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई जारी रहेगी।

इस संबंध में अधीक्षण यंत्री अमर चौधरी का कहना है कि बिजली बिल जमा नहीं करने वाले बकायादारों के कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है।

# मंडी अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई, 88 क्विंटल धान जब्त

## माप तौल कर तैयार किया गया पंचनामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धान के अवैध भंडारण को लेकर टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत 88 क्विंटल धान जब्त किया गया है। साथ ही माप तौल कर धान का पंचनामा तैयार किया गया। उक्त कार्रवाई से धान बिचौलियों में हड़कंप मचा हुआ है।

गौरतलब है कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में बिचौलियों एवं कोचियों पर मंडी अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में बुधवार 10 दिसंबर को अवैध धान परिवहन और भंडारण के खिलाफ अभियान चलाया गया। तहसील जांजगीर के ग्राम नवापारा में कृष्णाकन्हाई से 220 कट्टी (88 क्विंटल) अवैध धान जब्त किया गया। टीम ने मौके पर धान की माप–तौल कर पंचनामा तैयार करते हुए आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया पूर्ण की। इसी तरह तहसील पामगढ़ के ग्राम भैंसो में रूपराम साहू से 35 कट्टी अवैध धान जब्त किया गया। प्रशासन द्वारा दोनों मामलों में मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों की रक्षा एवं पारदर्शी खरीदी सुनिश्चित करने के लिए अवैध धान पर यह सख्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। टीम ने पंचनामा तैयार करते हुए आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया पूर्ण की।



कार्रवाई करने पहुंचे तहसीलदार एवं उनकी टीम।

## कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र सिवनी चांपा का किया निरीक्षण



कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने बुधवार 10 दिसंबर को सिवनी (च) स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर पूरी व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान की नमी की जांच की तथा खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारु रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र प्रभारी को अलग-अलग किस्मों के धान की स्टैकिंग अलग-अलग रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अवैध धान की खरीदी किसी भी स्थिति में न की जाए और केवल पंजीकृत किसानों से ही धान लिया जाए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएँ पीने का पानी, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई और छाया एवं अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम चांपा पवन कोसमा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई, 3 वाहन किए जब्त



वाहन की जब्ती बनाते अफसर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई करते हुए राजस्व विभाग की टीम ने तीन वाहनों को जब्त किया है। उक्त कार्रवाई खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की गई है।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश पर अवैध रेत उत्खनन व परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में राजस्व विभाग की टीम ने जांजगीर तहसील अंतर्गत अवैध रेत परिवहन में संलिप्त दो हाईवा वाहनों को पकड़कर थाना पुलिस को सुपुर्द किया है। वहीं चांपा तहसील में भी राजस्व अमले द्वारा कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया अवैध रेत परिवहन करते पाया गया जब्त किया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि जिले में अवैध रेत परिवहन पर शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई गई है। ऐसे मामलों में जिला टास्क फोर्स निरंतर द्वारा निगरानी रखी जा रही है और नियम विरुद्ध कार्य करने वालों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। वाहनों को थाने में रखा गया है।

■ जिला टास्क फोर्स द्वारा लगातार रखी जा रही निगरानी

### 31 दिसंबर तक चलेगा सघन कुष्ठ खोज अभियान

**जांजगीर-चांपा।** जिले में कुष्ठ उन्मूलन को तेज रफ्तार देने स्वास्थ्य विभाग 8 से प्रारंभ हो गया है जो 31 दिसंबर तक चलाया जाएगा। कुल 1200 सर्वे टीमें शहर से लेकर गाँवों तक घर–घर पहुचकर लोगों की जांच करेंगी, संदेहास्पद मरीजों की पहचान करेंगी और समुदाय को कुष्ठ के लक्षण, बचाव एवं निःशुल्क उपचार की जानकारी देंगी। जिले को कुष्ठ संक्रमण की दृष्टि से हाई एंडेमिक श्रेणी में माना गया है, ऐसे में यह अभियान बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी घर को सर्वे से न छूटने दें और जागरूकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक पहचान और समय पर उपचार ही कुष्ठ उन्मूलन की कुंजी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन 15–20 और शहरी क्षेत्रों में 20–25 घरों का सर्वे होगा। घर की बाहरी दीवार पर गेरु से टिक निशान व सर्वे दर्ज किया जाएगा। संदेहास्पद मरीजों की प्राथमिक जांच एनएमए व आरएचओ द्वारा की जाएगी और पुष्टि चिकित्सा अधिकारी द्वारा कर एमडीटी दवा से उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। सभी पुष्ट मरीजों की प्रविष्टि निकुष्ठ 2.0 पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज की जाएगी।

## हार्वेस्टर में लगी आग..



**जांजगीर-चांपा।** खेत में धान कटाई के दौरान हार्वेस्टर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें मशीन में जा पहुंची। ऐसे में किसी तरह वाहन चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। वहीं मामले की सूचना वाहन मालिक, पुलिस एवं ग्रामीणों को दी गई। जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर पानी डाल कर काबू पाने की कोशिश की गई। पूरा मामला फगुरम चौकी क्षेत्र के सपिया गांव की है। इन दिनों धान कटाई का काम बडे पैमाने पर चल रहा है। वहीं ज्यादातर खेतों में धान कटाई का काम हार्वेस्टर मशीन के माध्यम से किया जा रहा है।

### रोजगार एवं आजीविका ऋण मेला 17 दिसंबर से

**जांजगीर-चांपा।** रोजगार एवं आजीविका ऋण मेला 17 दिसम्बर को कृषि उपज मंडी प्रांगण जनपद पंचायत अकलतरा, 26 दिसम्बर को समरसता भवन जावलपुर जनपद पंचायत बलौदा, 7 जनवरी को सद्भावना भवन जनपद पंचायत पामगढ़, 16 जनवरी को शासकीय हाई स्कूल मैदान कपिस्दा जनपद पंचायत बम्हनीडीह तथा 28 जनवरी को जी.एल.डी. स्कूल रोड खैरताल नवागढ़ में आयोजित होगा। रोजगार एवं आजीविका ऋण मेला के आयोजन के माध्यम से स्व सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज में बढ़ोतरी, बैंकों द्वारा प्रायोरिटी सेक्टर में ऋण वितरण का विस्तार, ग्रामीण हितग्राहियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है।

# बस स्टैंड के पास घर में घुसकर महिला से की लूटपाट, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चांपा शहर के बस स्टैंड स्थित देशी शराब दुकान के पास एक मोहल्ले में उस समय हड़कंप मच गया, जब अज्ञात बदमाशों ने एक महिला के घर में घुसकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। इतना ही नहीं लूटेरों ने महिला के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।



अस्पताल में भर्ती महिला

चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शंकर नगर मोहल्ले में तालाब के पास रहने वाली परमेश्वरी देवांगन उम्र 53 वर्ष के घर में चार अज्ञात बदमाश घुस आए। बदमाशों ने महिला के साथ मारपीट की और उनके पास मौजूद सोने के आभूषण लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता और आसपास के लोग दहशत में हैं। इधर पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता के संबंध में ली जानकारी

# प्रधान न्यायाधीश एवं कलेक्टर ने किया जिला जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रधान न्यायाधीश एवं कलेक्टर ने जिला जेल का निरीक्षण किया। इस बीच बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता, बैरक निर्माण, जेल बिल्डिग व्यवस्था एवं उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। साथ ही जिला जेल प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मिली जानकारी के अनुसार उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गये निर्देशानुसार बोर्ड आफ विजिटर्स के द्वारा जिला जेल जांजगीर का निरीक्षण बुधवार 10 दिसंबर को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा शक्ति सिंह राजपूत, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर मनोज कुमार कुशवाहा, कलेक्टर जन्मेजय महोबे की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान उप पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार, अधीक्षक श्री डी.डी. टोडर उप जेल, अधिवक्ता लीगल एट डिफेंस काउंसिल विष्णु प्रसाद अग्रवाल, पैरा लीगल वालेंटियर लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता के संबंध में जिला जेल लीगल एड क्लिनिक की व्यवस्थाओं, जेल में स्थापित व्हीसी कक्ष, जेल बिल्डिंग की व्यवस्था, बैरकों के निर्माण, मुलाकात कक्ष, बंदियों को प्रदत सुविधा, टॉयलेट की व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, शिकायत पेटी, पेयजल की व्यवस्था, बंदियों की कपड़ा की दशा, प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था के साथ-साथ बंदियों के प्रकरण में आने वाली समस्याओं के संबंध में जायजा लिया गया। हर महीना जिला जेल का निरीक्षण कलेक्टर, एसपी एवं अन्य अफसरों द्वारा किया जाता है। इस बीच जेल प्रबंधन को व्यवस्था बनाने निर्देशित किया जाता है।



जिला जेल का निरीक्षण करने पहुंचे प्रधान न्यायाधीश एवं कलेक्टर।

### पाक्सो एक्ट का आरोपी नागपुर से गिरफ्तार

**अकलतरा।** साल भर से अधिक समय से फरार चल रहे पोक्सो एक्ट के आरोपी मुसलिम शेख पिता शेख हालीम उम्र 19 वर्ष को नागपुर से गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि पीडिता के साथ इंस्ट्राग्राम के माध्यम से मेसेज किया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### जगलाल बने आप के प्रदेश संगठन मंत्री

**कोरबा।** आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी डॉ संदीप पाठक, सह प्रभारी मुकेश अहलावत की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू के मंशानुसार संगठन विस्तार के तहत प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल और प्रदेश महासचिव वदूद आलम की अनुशंसा पर पूर्व जिला अध्यक्ष कोरबा (ग्रामीण) जगलाल राठिया को प्रदेश संगठन मंत्री व कोरबा रायगढ़ जॉन प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति को लेकर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी एवं उनके समर्थकों में खुशी की लहर देखी जा रही है। श्री राठिया ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार वे कार्य करेंगे। शीर्ष नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी दी है उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन किया जाएगा।

### वक्फ बोर्ड चेयरमेन ने किया शहंशाह-ए-छत्तीसगढ़ कैलेंडर का विमोचन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के चेयरमेन डॉ. सलीम राज ने शहंशाह-ए-छत्तीसगढ़ कैलेंडर का विमोचन किया। यह कैलेंडर आगामी नववर्ष के अवसर पर कोरबा सुन्नी मुस्लिम जमात के अध्यक्ष हाजी अखलाक खान असरफी द्वारा प्रकाशित किया गया है। कैलेंडर में उर्दू तिथियों के साथ राष्ट्रीय पर्व, इस्लामी त्योहार, शादी-विवाह की मुबारक तिथियां, पवित्र आयतें एवं दुआओं को स्थान दिया गया है। कैलेंडर विमोचन से पूर्व इसे दरगाह लूथरा शरीफ में बाबा साहब के आस्ताने पर पेश किया गया। इस अवसर पर लूथरा शरीफ दरगाह के खादिम हाजी शेर मोहम्मद, उस्मान खान, अब्दुल गफ्फार, हाजी शरीफ खान, हाजी मोहम्मद साबिर और यासीन खान, कोरबा मुस्लिम जमात के सरफरस्त कारी सैय्यद सब्बीर अहमद असरफी उपस्थित रहे। इसके पश्चात रायपुर पहुंचकर वक्फ बोर्ड चेयरमेन डॉ. सलीम राज के कार्यालय में कैलेंडर का औपचारिक विमोचन किया गया।

### इनरव्हील क्लब द्वारा महिला बालिका सुरक्षा पर संगोष्ठी

**कोरबा।** इनरव्हील क्लब द्वारा ऑरेंज द वल्ड स्टाप वायलेंस अगेंस वूमेन एंड गर्ल्स अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, आत्मविश्वास तथा मानसिक सशक्तिकरण पर आधारित एक महत्वपूर्ण जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आत्मविश्वास को मजबूत करना था। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि निरीक्षक भावना खंडारे, आरक्षक बेनेदित्ता ग्लोरिया बेक, मआर प्रतिभा राय, मआर सुनीता पन्ना उपस्थित रहे। इस दौरान निरीक्षक भावना खंडारे उन्होंने महिलाओं के अधिकारों की जानकारी, निर्भीक होकर अपनी बात रखने और किसी भी प्रकार की हिंसा का तुरंत विरोध करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने अभिव्यक्ति ऐप के उपयोग की जानकारी देते हुए इसे सुरक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। मप्रआर बेनेदित्ता ग्लोरिया बेक ने साइबर सुरक्षा पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन सुरक्षा, शारीरिक सुरक्षा जितनी ही जरूरी है।

### सुविधाजनक खरीदी व्यवस्था से आय में बढ़ोतरी का विश्वास

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सर्वाधिक समर्थन मूल्य, माइक्रो एटीएम, त्वरित भुगतान प्रणाली, ऑनलाइन टोकन, उपार्जन केंद्रों में सुव्यवस्थित व्यवस्था और बेहतर सुविधा की मजबूती जैसे प्रयासों ने किसानों के मन में सरकार के प्रति विश्वास को और सुदृढ़ किया है। सरकार का लक्ष्य है कि हर किसान बिना किसी कठिनाई के अपनी उपज बेच सके तथा उसे मेहनत का पूरा और पारदर्शी मूल्य मिल सके। गाँव तालापार के किसान बसंत सोनी उन अनेक किसानों में से एक हैं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार की पारदर्शी और सुविधाजनक धान खरीदी व्यवस्था का लाभ उठाते हुए अपनी मेहनत की उपज को सम्मानजनक मूल्य पर बेचा है। 45 डिसमिल भूमि में खेती करने वाले श्री सोनी इस वर्ष कुल 8 क्विंटल 80 किलोग्राम धान लेकर बक्साही उपार्जन केंद्र पहुँचे। श्री सोनी बताते हैं कि पिछले वर्ष भी उन्होंने लगभग इतनी ही उपज विक्रय की थी, उनका कहना है कि 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिला।

### लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु 16 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत जिला कार्यक्रम अधिकारी बसंत मिंज एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी गजेंद्र देव सिंह के मार्गदर्शन में नवा बिहान से संरक्षण अधिकारी, महिला सशक्तीकरण केंद्र (हब), जिला मिशन समन्वयक रत्ना नामदेव, जेन्डर विशेषज्ञ तुलेश्वर दुबे,एवं चाईल्ड लाईन के स्टॉफ, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय अधंरीकछार, कस्तुरबा गांधी विद्यालय तथा कन्या छात्रावास एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक पीडब्लूडी विद्यालय, कोरबा में लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु 16 दिवसीय (25 नवंम्बर से 10 दिसम्बर) विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में योजनांतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गत नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह आदि योजनाओं द्वारा आर्थिक रूप से बालिकाओं को सशक्त बनाया जा रहा हैं। चाइल्ड लाईन 1098, गुड टच बैंड टच, मातृछाया, पालना केन्द्र आदि योजनाओं के माध्यम से बच्चो को सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं।

# प्राइमरी और मिडिल स्कूल की अर्द्धवार्षिक परीक्षा की गई स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

दिसंबर माह में प्राइमरी और मीडिल स्कूल की होने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षा को अचानक स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। परीक्षाओं के लिए नई समय सारिणी की रुपरेखा भी नहीं तैयार की गई है। अचानक परीक्षा स्थगित किए जाने से स्कूल के शिक्षक व छात्र भी असमंजश में हैं। जिला स्तर से प्रश्न पत्र भी स्कूलों में भेज दिए गए थे और 11 दिसंबर से परीक्षाएं भी शुरु होनी थी।

भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर जिले में चल रहे एसआईआर कार्य में प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों के लगे होने से पढ़ाई के प्रभावित होने तक प्राथमिक और मीडिल स्कूल की परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। हालांकि विभाग इस संबंध में दूसरा कारण बता रहा है। जबकि 11 दिसंबर से अर्द्धवार्षिक परीक्षा होना था और इसके लिए जिला स्तर से प्रश्न पत्र भी स्कूलों में भेज दिए गए थे। अचानक मंगलवार शाम को शिक्षकों के वाट्सग्रुप में मैसेज आने से शिक्षकों को इस बात की जानकारी हुई। नवोदय विद्यालय की परीक्षा को देखते हुए परीक्षा की तिथि को संशोधित करते हुए 13 दिसंबर किया गया था। अचानक इस आदेश को देखकर शिक्षक भी अचंभित हैं। यहां यह बताना आवश्यक होगा कि 4 नवंबर से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसआईआर कार्यक्रम चल रहा है। जो पूर्व में 4 दिसंबर तक चलना था जिसे बढ़ाकर 11 दिसंबर किया गया है इससे अधिकांश शिक्षक जो एसआईआर कार्यक्रम में लगे हुए हैं उनका 11 दिसंबर तक इस कार्य से अलग हो पाना मुश्किल है। वही एक माह तक प्राइमरी और मीडिल स्कूलों में पढ़ाई भी प्रभावित हुई है। इन सब स्थिति को देखते हुए यह निर्णय लिया जाना बताया गया है।

### डीपीआई के आदेश से परीक्षा स्थगित करने का निर्णय

**खास बात**

- कब होगी परीक्षा इसकी अब तक नहीं बनी रूपरेखा



## नगर निगम व आर्टिस्ट ग्रुप आफ कोरबा की संयुक्त पहल पर क्रिएटिव कार्नर अभियान का आगाज

# सिटी ब्यूटीफिकेशन को मूर्तरूप देगा क्रिएटिव कार्नर, शहर के कोने-कोने में बिखरेगा सौंदर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऊर्जाधानी के सौंदर्यीकरण को मूर्तरूप देने निगम द्वारा शुरू कराया गया क्रिएटिव कार्नर अभियान अब सिटी ब्यूटीफिकेशन को मूर्तरूप देगा एवं शहर के कोने-कोने में सौंदर्य बिखरेगा। आर्टिस्ट गुरप आफ के कलाकार नगर निगम के सहयोग से शहर के मुख्य मार्गों, संपर्क सड़कों, चैक-चैराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं उपेक्षित पडे.स्थानों पर ब्रश व रंगों के माध्यम से थीम आधारित पेंटिंग कर अपनी कला का जादू बिखरेगें तथा शहर को नया लुक देंगे। सुभाष चैक से कोसाबाड़ी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग की दीवाल पर महापौर व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने ब्रश उठाकर पेंटिंग की तथा क्रिएटिव कार्नर की शुरूआत हुई।

नगर निगम व आर्टिस्ट ग्रुप आफ कोरबा की संयुक्त पहल क्रिएटिव कार्नर अभियान प्रारंभ किया गया है। इसके तहत निगम द्वारा जिले के स्थानीय कलाकारों को प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जा रहा है। शहर के मुख्य मार्गों, संपर्क सड़कों, चैक-चैराहों सहित ऐसे स्थान जो बरसों से उपेक्षित पडे.हुए थे, इन स्थलों पर थीम आधारित चित्रकारी व पेंटिंग कर स्थलों को सजाया, संवारा जाएगा। जिससे शहर को एक नया लुक मिलेगा, सिटी ब्यूटीफिकेशन को दिशा मिलेगी, इससे एक ओर जहां शहर का सौंदर्य बढ़ेगा। वहीं पेंटिंग व चित्रों के माध्यम से आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, प्रदूषण से मुक्ति, शहर की स्वच्छता तथा इन सब में उनकी सहभागिता का संदेश व प्रेरणा मिलेगी। इस अभिनव योजना क्रिएटिव कार्नर की शुरूआत आज सुभाष चैक से कोसाबाड़ी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित दीवाल पर चित्रकारी व पेंटिंग के माध्यम से की गई। आर्टिस्ट गुरप आफ कोरबा के सदस्यों की उपस्थिति में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने ब्रश को थामा तथा वाल पर पेंटिंग कर अभियान की शुरूआत कराई। इस अवसर पर जोन कमिश्नर भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, आर्टिस्ट गुरप के सदस्य मनीषा अग्रवाल, अंकित सोनी, साधना धर, सुमन कुमारी, कुमकुम गुलहरे, उर्वी साहू, महावीर अग्रवाल, पंकज सोनी, गौरीशंकर साहू, कैलाश कुमार, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, उप अभियंता सोमनाथ डेहरे, अश्वनी दास, धनमोहन रात्रे आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।




कार्यक्रम में उपस्थित समिति के सदस्य एवं निगम के अधिकारी।

### क्रिएटिव कार्नर आर्टिस्टों का प्लेटफार्म

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि हमारे कोरबा के आर्टिस्ट अत्यंत क्षमतावान हैं। जरूरत थी कि उनकी क्षमता को सामने लाने हेतु उन्हें प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाए। आर्टिस्ट गुरुप के सदस्यों से मेरी चर्चा हुई, हमने साथ मिलकर सिटी ब्यूटीफिकेशन पर काम करने का निर्णय लिया, परिणाम स्वरूप क्रिएटिव कार्नर के रूप में कोरबा के स्थानीय कलाकारों को एक प्लेटफार्म मिला, आज इसकी शुरूआत हो चुकी है। निगम ग्रुप के सदस्यों को स्थल व सामग्री उपलब्ध कराएगा तथा गुरप के कलाकार सदस्य अपना निःशुल्क सहयोग देते हुए अपनी कला के माध्यम से शहर को एक नया लुक देंगे। आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि शहर का हर एक कोना, जो अभी उपेक्षित पड़ा है, उसे सुंदर स्वरूप दिया जाए।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक की बेरहमी से पिटाई, दो गिरफ्तार



वायरल वीडियो में युवक से मारपीट करते बदमाश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक को बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। जहां पुलिस ने इस मामले में हमलावर युवकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामणी स्टेशन रोड स्थित शनि मंदिर के पास हुई। पीड़ित की पहचान प्रकाश दास के रूप में हुई है, जो राशन लेने पहुंचा था। जानकारी के अनुसार, सीतामढ़ी पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पास दो युवकों के बीच पहले झगड़ा हुआ था। इसके बाद मोती सागर पारा निवासी एक युवक नशे में धुत्त करीब डेढ़ दर्जन अन्य युवकों के साथ शनि मंदिर के पास पहुंचा और प्रकाश दास पर हमला कर दिया। हमलावरों का कहना था कि प्रकाश भी पुरानी रंजिश में शामिल था, जबकि प्रकाश ने इससे इनकार किया है। प्रकाश दास के अनुसार, हमलावरों ने उसे पुरानी रंजिश का हिस्सा मानकर पीटा, जबकि वह किसी झगड़े में शामिल नहीं था। हमलावरों ने उसे लात-घूंसों, रॉड और अन्य हथियारों से पीटा। जब वह जान बचाकर एक दुकान में घुसा, तो हमलावर वहां भी घुस गए और मारपीट जारी रखी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# बिना मौके पर गए पटवारी ने धान की फसल को बता दिया मूंगफली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

पटवारियों द्वारा किए गए गिरदावरी में इतनी बड़ी त्रुटि होने से किसानों का जीना मुश्किल हो गया है। मामला करतला तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत नवापारा (चैनपुर) एवं घिनारा का है।

करतला तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत नवापारा चैनपुर निवासी रामप्रसाद पटेल ने बताया कि उनके पास मौजूद पर्ची में प्रत्येक वर्ष वो 5.80 एकड़ भूमि में धान की फ़सल लगाते है। इस वर्ष हुए गिरदावरी में पटवारी द्वारा त्रुटिपूर्ण जानकारी दर्ज़ करते हुए महज़ एक एकड़ में ही धान का फ़सल दर्शाया जबकि बाकी बचे हुए 4.80 एकड़ भूमि को धान लगे रहने के बावजूद उसमें मूंगफली फ़सल दर्शा दिया गया। परेशान किसान रामप्रसाद ने जिला कलेक्टर सहित तहसीलदार, पटवारी, मंडी समिति सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों के पास शिकायत किया परन्तु आज तक उसका निराकरण नहीं हुआ जिससे किसान और उसका पूरा परिवार करतला तहसील के चक्कर काट- काट कर परेशान है। किसान ने बताया कि लगभग 35 दिनों से वो करतला तहसील के चक्कर लगा रहा है। दोबारा गिरदावरी रिपोर्ट पटवारी द्वारा तहसील में जमा कर दिया गया फिर भी फ़सल विवरण में सुधार नहीं हो रहा है जिससे समर्थन मूल्य पर धान बिक्री से वो वंचित हो रहे है। इसके साथ ही ग्राम घिनारा निवासी छत्रपाल सिंह राठिया ने बताया कि का कुल 15.50 एकड़ भूमि है जिसमें धान लगाया गया है जबकि गिरदावरी रिपोर्ट में 7 एकड़ भूमि में अन्य फ़सल दिखाया जा रहा है। जब दोबारा मौका जांच हुआ तो पटवारी ने पाया कि मौके पर धान की फसल है। अब किसान द्वारा कई बार तहसील में आवेदन देने के बाद भी फसल विवरण नहीं सुधारा गया और करतला तहसील के चक्कर एक माह से काटने पर छत्रपाल सिंह राठिया विवश है।

- दर-दर की ठोकर खा रहे किसान, 35 दिनों से लगा रहे करतला तहसील के चक्कर



तहसील पहुंचे प्रभावित किसान।

### एसईसीएल प्रबंधन पर वादाखिलाफी का आरोप, हड़ताल की चेतावनी

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत अधिग्रहित ग्राम नराईबोध के ग्रामीण अपने अस्तित्व और अधिकारों की लड़ाई के लिए एक बार फिर आर-पार के मूड में हैं। पूर्व में हुए त्रिपक्षीय समझौतों के बावजूद रोजगार उचित मुआवजा और पुनर्वास जैसी मूलभूत मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने 12 दिसंबर से गेवरा खदान और संबंधित ठेका कंपनी (पीएनसी इंफ्राटेक) के कार्यों को पूर्णतः ठप्प कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिला प्रशासन ग्रामीण और एसईसीएल प्रबंधन के बीच हुई त्रिपक्षीय बैठक में नौकरी, मुआवजा और वैकल्पिक रोजगार पर सहमति बनी थी, लेकिन धरातल पर अब तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेका कंपनियां अपनी मनमर्जी से भर्ती कर रही हैं जबकि जमीन देने वाले प्रभावित परिवारों के शिक्षित बेरोजगार दर-दर भटक रहे हैं। बसाहट स्थल पर विकास कार्य शून्य हैं जिससे विस्थापितों का जीवन कष्टप्रद हो गया है। ग्रामीणों ने पहले 8 और 9 दिसंबर को तालाबंदी की चेतावनी दी थी हालांकि 7 दिसंबर को एसईसीएल प्रबंधन के साथ हुई चर्चा और आगामी पूजा कार्यक्रमों को देखते हुए ग्रामीणों ने प्रबंधन को 11 दिसंबर तक का अंतिम समय (अल्टीमेटम) दिया है।

### पांच गांव की 607 हेक्टेयर भूमि पर रजिस्ट्री व नामांतरण पर प्रतिबंध

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने दीपका विस्तार परियोजना के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में भूमि की खरीदी बिक्री, रजिस्ट्री और नामांतरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश जारी किए हैं। यह रोक कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 के तहत स्वीकृत 40 मिलियन टन कोयला उत्पादन परियोजना के लिए लागू की गई है। निर्देशानुसार ग्राम हरदीबाजार (भाग), सरइसिंगार (भाग), रेंकी (भाग), कटकीडबरी (भाग) और नवापारा (भाग) की कुल 607.118 हेक्टेयर भूमि को अर्जन प्रक्रिया में शामिल किया गया है। इस भूमि अर्जन के लिए सेक्शन 9 (प) के तहत एस.ओ. क्र. 5445 (अ) का प्रकाशन 26 नवंबर 2025 को किया जा चुका है। कलेक्टर अजीत वसंत ने छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा एवं पाली, जिला पंजीयक कोरबा तथा तहसीलदार दीपका एवं हरदीबाजार को आदेश दिया है कि इन ग्रामों की अर्जित भूमि पर किसी भी प्रकार की खरीदी-बिक्री, रजिस्ट्री या नामांतरण की कार्यवाही तुरंत रोक दी जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करें।

**न्यायालय ना. तहसीलदार बम्हनीडीह, जिला जांजगीर-चांपा छ.ग.**
**/ सूचना पत्र/**

रा.प्र.क्र. 202506064800036/अ-6/24-25
जागेश्वर प्रसाद दुबे पिता लखन लाल जाति ब्राम्हण ग्राम भवरेली तह. बम्हनीडीह जिला-जांजगीर-चांपा छ.ग.................आवेदक

**बनाम**

01. कुसुमलता दुबे पिता कौशल ग्राम भंवरेली
02. रामशंकर पांडेय पिता कुसुमलाल पांडेय
03. गिरजा शंकर पांडेय पिता कुसुमलाल पांडेय
04. बलमुकुंद पांडेय पिता कुसुमलाल पांडेय सभी जाति ब्राम्हण निवासी करनौद तह. बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा छ.ग.

जिला जांजगीर-चांपा छ.ग............ आवेदकगण

आप को इस सूचना प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक जागेश्वर पिता लखनलाल द्वारा ग्राम भवरेली स्थित ख.न. 847 रकबा 0.197 हे. भूमि आवेदक के भूमि स्वामी हक की भूमि है उक्त भूमि का फौती रा.प्र.क्र. 13/अ-6/2013-14 आ.दि. 05.07.2014 के आधार पर आवेदक के नाम पर नामांतरण किया जा चुका है मगर उक्त खसरा नंबर का रिकार्ड दुरूस्त नहीं होने से अनावेदक क्रमांक 01 गोकुल पिता रामदुलारी के नाम पर त्रुटिवंश दर्ज हो गया है जिसे सुधार किये जाने आवेदन पत्र पेंश किया है। इस संबंध में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 15/12/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है अनुपस्थिति की स्थिति में आपके विरूध्द एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसके जिम्मेदार आप स्वयं होगे।

**नायब तहसीलदार**
**बम्हनीडीह**

**न्यायालय ना. तहसीलदार बम्हनीडीह, जिला जांजगीर-चांपा छ.ग.**
**/ सूचना पत्र/**

रा.प्र.क्र. 202506064800036/अ-6/24-25
जागेश्वर प्रसाद दुबे पिता लखन लाल जाति ब्राम्हण ग्राम भवरेली तह. बम्हनीडीह जिला-जांजगीर-चांपा छ.ग.............आवेदक

**बनाम**

01. गोकुल पिता रामदुलारी (मृत)
01 (क) वारिसान-डाकेश्वर प्रसाद दुबे उम्र 67 वर्ष पिता गोकुल
(ख) रामनारायण दुबे उम्र 62 वर्ष पिता गोकुल
(ग) श्रीमति शैल कुमारी पिता गोकुल
(घ) श्रीमति गोमती पिता गोकुल
(ड) श्रीमति गौरी पिता गोकुल
(च) फुलबाई पति गोकुल (मृत) सभी जाति ब्राम्हण ग्राम भवरेली तह. बम्हनीडीह

जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. ...........आवेदकगण

आप को इस सूचना प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक जागेश्वर पिता लखनलाल द्वारा ग्राम भवरेली स्थित ख.न. 177 रकबा 0.267 हे. भूमि आवेदक के भूमि स्वामी हक की भूमि है उक्त भूमि का फौती रा.प्र. क्र. 13/अ-6/2013-14 आ.दि. 05/07/2014 के आधार पर आवेदक के नाम पर नामांतरण किया जा चुका है मगर उक्त खसरा नंबर का रिकार्ड दुरूस्त नहीं होने से अनावेदक क्रमांक 01 गोकुल पिता रामदुलारी के नाम पर त्रुटिवंश दर्ज हो गया है जिसे सुधार किये जाने आवेदन पत्र पेंश किया है। इस संबंध में आप स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 15/12/2025 को न्यायालय मे उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है अनुपस्थिति की स्थिति में आपके विरूध्द एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसके जिम्मेदार आप स्वयं होगे।

**नायब तहसीलदार**
**बम्हनीडीह**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, ह्रदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओ का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॅाजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में बदलाव, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व बदलाव का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# बॉर्डर 2 से सामने आया अहान का दमदार पोस्टर

**मुंबई।** देशभक्ति पर आधारित 'बॉर्डर 2' का पिछले काफी समय से फैंस को इंतजार है। सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, वरुण धवन स्टारर इस फिल्म से अब अभिनेता अहान शेट्टी का पोस्टर सामने आ गया है। अहान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है- 'धरती हो या समंदर। धरती मां का हर बेटा ही कसम निभाता है।' बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को आ रही है। पोस्टर में अहान शेट्टी का दमदार लुक नजर आ रहा है। चेहरे पर उभरे चोट के निशान, गाल पर खून की धार और आंखों में झलकती दृढ़ता उनकी भूमिका को बेहद प्रभावशाली बना रही है।

लाइफ Style

# सारा

## यह सफर आशीर्वाद से कम नहीं


एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। फिल्म में उन्होंने यमाली (राकेश बेदी) की बेटी एलीना का किरदार अदा किया है। उनके अभिनय और खूबसूरती ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है।

सारा ने फिल्म में काम करने का श्रेय कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को देते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने मंगलवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने मुकेश छाबड़ा के साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। वे लिखती हैं, 'यह पोस्ट उस शख्स के लिए, जिसने मेरी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। मेरे प्यारे मुकेश सर, कभी-कभी जिंदगी धीरे से पिता के साथ-साथ आपके रास्ते में एक और गाइड करने वाली मौजूदगी लाती है। कोई ऐसा जिसका विश्वास आपकी अपनी जड़ों की जगह नहीं लेता, बल्कि चुपचाप उन्हें मजबूत करता है। मेरे लिए, वह मौजूदगी आप हैं। आपने दुनिया को पता चलने से पहले ही मुझ पर इतना यकीन किया। चुपचाप किए गए आपके उस यकीन ने सब कुछ बदल दिया'। सारा ने आगे लिखा है, 'हर बार जब 'धुरंधर' की कास्टिंग की तारीफ होती है, तो मुझे बहुत गर्व होता है, क्योंकि आपकी समझ, आपके विजन और आपके दिल ने उस जादू को बनाया। मुझमें एलीना को देखने के लिए धन्यवाद। उन पलों में मेरी हिम्मत बनाए रखने के लिए धन्यवाद, जिनका नाम मुझे कभी नहीं लेना पड़ा। विज्ञापन से लेकर 'धुरंधर' तक, यह सफर किसी आशीर्वाद से कम नहीं लगता'।



हॉलीवुड मसाला



# विलेन के रोल में किया कमाल

**नई दिल्ली।** किसी भी फिल्म में एक हीरो से ज्यादा उसका विलेन का किरदार दमदार चुना जाता है। आजकल की फिल्में तो विलेन से ही हिट हो रही हैं। यही वजह है कि अब हीरो भी विलेन बनने से नहीं कतरा रहे हैं। अगर थोड़ा हॉलीवुड में झांके तो एक नाम है एक्टर डेविड प्राउज का, जो कि एक ब्रिटिश एक्टर हैं। जिस फिल्म में भी इन्होंने काम किया है, बहुत कमाल किया है। एक फिल्म में तो उनके कैरेक्टर ने करिश्मा ही कर दिखाया था। पूरी फिल्म में इनका चेहरा सामने नहीं आया और ना ही उनकी आवाज सुनने को मिली, लेकिन उनके इस विलेन रोल ने 'डार्थ वाडर' को यादगार बना दिया।



# बेटी के हाथों बने स्केच को देख हुई भावुक...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ना सिर्फ प्रोफेशनल लाइफ में बल्कि पर्सनल लाइफ में काफी सुर्खियां बटोरती हैं। प्रियंका ने मालती द्वारा बनाया हुआ एक स्केच फैंस के साथ साझा किया। साथ ही प्रियंका ने बताया कि वो स्केच को देखकर काफी भावुक हो गईं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह स्केच शेयर किया। तस्वीर में मालती अपने नन्हे हाथों से बना एक स्केच पकड़े नजर आ रही है, जिसमें एक महिला अपने बच्चे को बाहों में थामे दिख रही है। इस स्केच के साथ कैप्शन में प्रियंका ने लिखा- मां ने तुम्हे पकड़ा हुआ है। इसी के साथ ही देसी गर्ल ने इमोशनल इमोजी भी बनाया। प्रियंका और निक जोनस हमेशा अपनी बेटी को अमेरिकी और भारतीय दोनों संस्कृतियों का अनुभव कराते रहते हैं।



# वी. शांताराम में जयश्री का निभाएंगी किरदार

**मुंबई।** फिल्ममेकर वी. शांताराम की बायोपिक फिल्म से अब सिद्धांत चतुर्वेदी के बाद फिल्म की अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की भी पहली झलक सामने आई है। मेकर्स ने तमन्ना भाटिया का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म में तमन्ना जयश्री का किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में तमन्ना का विंटेज लुक देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर में तमन्ना बेबी पिंक कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में हरा पर्दा और घास नजर आ रही है, जो संभवतः किसी फिल्म का सेट मालूम पड़ता है। इससे पहले फिल्म से सिद्धांत चतुर्वेदी का लुक सामने आया था। सिद्धांत फिल्म में वी. शांताराम का किरदार निभा रहे हैं। उनके पोस्टर को जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा था, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला रिबेल अब वहीं लौट आया है, जहां उसे होना चाहिए था - बड़े पर्दे पर।'



# वध-2 के पोस्टर में छाए नीना-संजय

**मुंबई।** संजय मिश्रा और नीना गुप्ता एक बार फिर वध 2 के साथ लौट रहे हैं, जिसे जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है। साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में तेजी से जगह बना रही है. लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स के बैनर तले बनी यह स्पिरिचुअल सीक्वल, वध की आत्मा को बरकरार रखते हुए एक नई कहानी में इन दिग्गज कलाकारों को नए किरदारों में पेश करती है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी जो दिखता है, वही पूरी सच्चाई नहीं होता! वध 2 सिनेमाघरों में 6 फरवरी 2026 से। दमदार लीड जोड़ी को दर्शाते इन आकर्षक पोस्टर्स ने दर्शकों को एक प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव का अहसास पहले से ही करा दिया है। यह भी दिलचस्प है कि नए पोस्टर्स 9 दिसंबर 2025 को ही रिलीज़ किए गए।

टीवी मसाला



# बाबूजी से ऊंची आवाज में पूछा सवाल, तकिए के नीचे मिला जवाब

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और उनके पिता हरिवंश राय बच्चन का रिश्ता बेहद गहरा, सम्मानपूर्ण और अनोखा था। पिता के किस्सों में अक्सर उन्होंने ये बताने की कोशिश की कि वह कितने सख्त और अनुशासनप्रिय थे, लेकिन प्यार भी उतना ही बेइंतहा था। अमिताभ उन्हें 'बाबूजी'कहकर पुकारते थे और उनकी हर बात को अंतिम मानते थे। 'कौन बनेगा करोड़पति'के सेट पर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में पिता से जुड़ा एक ऐसा पुराना किस्सा सुनाया कि पूरा स्टूडियो हंसते-हंसते लोटपोट हो गया। मेगा स्टार ने खुलासा किया कि जिंदगी में सिर्फ एक बार उन्होंने अपने पिता, महान कवि हरिवंश राय बच्चन से ऊंची आवाज उठाई थी और पूछ डाला था 'हमें आपने पैदा क्यों किया?''कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर मेहमान आमिर खान के सामने उन्होंने जिंदगी के उस एकमात्र पल को याद किया, जब उन्होंने अपने पिता के सामने आवाज उठाई थी। अमिताभ ने बताया कि वो दिन कॉलेज के शुरुआती थे। बोर्डिंग स्कूल की सख्त जिंदगी के बाद अचानक आजादी मिली थी। दुनिया बहुत जटिल लगने लगी थी। घर लौटकर एक शाम गुस्से में उन्होंने बाबूजी से ये सवाल दाग दिया। अमिताभ बच्चन ने बताया कि ये सवाल सुनने के बाद हरिवंश राय बच्चन उस वक्त कुछ नहीं कहा, न कोई गुस्सा, न डांट, बिल्कुल खामोश और रोज की तरह सुबह 4-5 बजे अपनी रोज की सैर पर निकल गए। जब अमिताभ सुबह उठे तो तकिए के नीचे एक तह किया हुआ कागज मिला। उस पर पिता ने पूरी कविता लिखी थी। उस कवीता का शीर्षक था 'नई लीख। बिग बी ने उस कविता का एक अंश उन्होंने पढ़कर सुनाया- 'जिंदगी और जमाने की कशमकश से घबराकर, मेरे लड़के मुझसे पूछते हैं, हमें पैदा क्यों किया था? तुम ही नई लीख धरना, अपने बेटों से पूछकर उन्हें पैदा करना।'

## एक टीवी शो से चमक गई किस्मत

**नई दिल्ली।** हसीना छोटी उम्र से परफॉर्मर हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनकी शानदार स्क्रीन प्रजेंस के साथ उनकी तरक्की वाकई काबिल-ए-तारीफ है। हम बात कर रहे हैं सुमोना चक्रवर्ती की, जिन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में अपनी आइकॉनिक मौजूदगी से करोड़ों दिल जीते। सुमोना ने 11 साल की उम्र में आमिर खान और मनीषा कोइराला की 'मन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग की शुरुआत की थी। सुमोना ने कुछ साल बाद कई शोज में काम किया और 2011 में हिट सीरीज 'बड़े अच्छे लगते हैं' से उन्हें बड़ी पहचान मिली। टीवी के अलावा सुमोना ने 'बर्फी!' और 'किक' जैसी फिल्मों में भी कैमियो किया, जिसमें उन्होंने छोटे रोल में भी अपनी रेंज दिखाई। सुमोना का सबसे यादगार किरदार कपिल शर्मा की ऑन-स्क्रीन पार्टनर के रूप में है, जिसमें उन्होंने अपनी तेज-तर्रार हाजिरजवाबी और मजेदार जवाबों से सबका दिल जीत लिया।



# एक-दूसरे की आंखों में खोए शबाना और जावेद

**मुंबई।** अभिनेत्री शबाना आजमी और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर बॉलीवुड की एक ऐसी जोड़ी हैं, जो उम्र के इस पड़ाव पर भी एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दोनों की शादी को 41 साल हो गए हैं। मंगलवार को कपल अपनी शादी की 41वीं सालगिरह मनाया। इस मौके पर शबाना आजमी ने जावेद अख्तर के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में कपल एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए शबाना आजमी ने कैप्शन में लिखा है, '41 साल की शादी के बाद एक-दूसरे को इतनी कोमलता से देख पाना ही सब कुछ कह देता है। हैप्पी एनिवर्सरी जादू।' दोनों की ये तस्वीर फैंस को काफी पसंद आ रही है। शबाना आजमी और जावेद अख्तर की इस तस्वीर पर एक ओर जहां फैंस अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कई सेलेब्स भी इस पर कमेंट करके कपल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दे रहे हैं।



अभिनेत्री विद्या बालन ने जहां कमेंट कर, 'सालगिरह मुबारक हो' लिखा। वहीं, अभिनेता अनिल कपूर ने तीन रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इसके अलावा उर्मिला मातोंडकर, दीया मिर्जा, सोनी राजदान, संध्या मृदुल, अभय देओल और मियांग चैंग ने भी कपल की इस खूबसूरत तस्वीर पर प्यार लुटाया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो शबाना आजमी अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं। अभिनेत्री आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। यह सीरीज महिलाओं के ऐसे समूह पर आधारित थी, जो खाने के डब्बों में रखकर ड्रग सप्लाई करती हैं। सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

# 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी

**मुंबई।** अगले साल की शुरुआत में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का शानदार इवेंट होने वाला है। 11 जनवरी को यह अवॉर्ड अलग-अलग कैटेगरी में दिए जाएंगे। इस अवॉर्ड इवेंट को कॉमेडियन निक्की ग्लेसर होस्ट करेंगी। वह लगातार दूसरे साल इस अवॉर्ड फंक्शन को होस्ट कर रही हैं। 8 दिसंबर को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी की गई है।

## अलग-अलग कैटेगरी में हुआ फिल्मों का नॉमिनेशन

बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा कैटेगरी में फ्रैंकनस्टाइन, हैमनेट, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू, सिनर्स जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं बेस्ट मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में ब्लू मून, बुगोनिया, मार्टी सुप्रीम, नो अदर चॉइस, नोवेल वेग और वन बैटल आफ्टर अनदर शामिल रहीं।

## कॉमेडी कैटेगरी

इसी तरह मोशन पिक्चर की म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर रोज बर्न का नॉमिनेशन हुआ, उन्होंने फिल्म 'इफ आई हेड लेग्स आई किक यू' में दमदार अभिनय किया है। इसी कैटेगरी में विकेडः फॉर गुड के लिए सिंथिया एरिवो, सॉन्ग संग ब्लू के लिए केट हडसन, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए चेस इनफिनिटी, द टेस्टामेंट ऑफ एन ली के लिए अमांडा सेफ्राइड और बुगोनिया के लिए एमा स्टोन का नाम शामिल है। वहीं, म्यूजिकल और कॉमेडी मोशन पिक्चर कैटेगरी में ही बेस्ट एक्टर के तौर पर कई लोगों के शामिल हुए हैं। मार्टी सुप्रीम के लिए टिमोथी चालमेट, जैक केली के लिए जॉर्ज क्लूनी, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए लियोनार्डो डिकैप्रियो, ब्लू मून के लिए इथन हॉक, नो अदर चॉइस के लिए ली ब्युंग-हुन, बुगोनिया के लिए जेसी प्लेमन्स को नॉमिनेट किया गया है।



## इन डायरेक्टर्स-एक्टर का लिस्ट में शामिल हुआ नाम

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट में बेस्ट डायरेक्टर के तौर पर कई निर्देशकों के नाम शामिल हुए हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन, सिनर्स के लिए रयान कूगलर, फ्रैंकनस्टाइन के लिए गुइलेर्मो डेल टोरो, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट के लिए जाफर पनाही, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए जोआचिम ट्रायर और हैमनेट के लिए क्लो झाओ का नॉमिनेशन हुआ है।

## इन लोगों को भी मिला नॉमिनेशन

मोशन पिक्चर कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर कई एक्ट्रेस को नॉमिनेट किया गया है। जैसे द स्मैशिंग मशीन के लिए एमिली ब्लंट, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए एली फैनिंग, विकेडः फॉर गुड के लिए एरियाना ग्रांडे, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए इंगा इब्सडॉटर लिलियास, वेपन्स के लिए एमी मैडिगन और वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए टेयाना टेलर को चुना गया है। वहीं, मोशन पिक्चर कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के लिए बेनिशिया डेल टोरो, जैकब एलोर्डी, पॉल मेस्कल, शॉन पेन, एडम सैंडलर और स्टेलन स्कार्सगार्ड को चुना गया है।

## ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं

# सैंटा की इन खास 10 फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस


***नई दिल्ली।** 2025 में क्रिसमस के लिए ओटीटी पर कई सारी नई फिल्में आ गई हैं। ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं। इस बार इन 10 मजेदार फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। त्योहार की छुट्टियों में परिवार और इन फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। इन सभी हॉलीवुड फिल्मों को आप सभी अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, प्राइम, डिज्नी+ पर देख सकते हैं।*

**जिंगल बेल हीस्ट :** हॉलीवुड फिल्म 'जिंगल बेल हीस्ट' 26 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब ओटीटी पर भी उपलब्ध है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दो दुकान कर्मचारी क्रिसमस की रात अपने ही स्टोर को लूटने का प्लान बनाते हैं। इस फिल्म में बहुत मजा और रोमांस है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**शैम्पेन प्रॉब्लम्स :** 'शैम्पेन प्रॉब्लम्स' इस साल 19 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक लड़की पेरिस जाकर शैंपेन कंपनी खरीदना चाहती है, लेकिन उसी कंपनी के मालिक से प्यार हो जाता है। यह एक प्यारी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**ए मेरी लिटिल एक्स-मास :** हॉलीवुड फिल्म 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' की कहानी एक ऐसे परिवार की है, जिसमें तलाक के बाद माता-पिता बच्चों के लिए क्रिसमस साथ मनाते हैं, लेकिन नए पार्टनर आने से मजेदार उलझनें हो जाती हैं। 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' 12 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। यह नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।









**माई सीक्रेट सांता :** 'माई सीक्रेट सांता' कहानी है एक सिंगल मॉम और उसकी बाटी की। इस फिल्म में एक मां अपनी बेटी के लिए पैसे कमाने सांता बनती है। इस बीत वहां रिसॉर्ट मैनेजर को उससे प्यार हो जाता है। 'माई सीक्रेट सांता' 3 दिसंबर को रिलीज हुई है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**जॉय टू द वर्ल्ड :** 'जॉय टू द वर्ल्ड' 1 नवंबर 2025 के रिलीज हुई थी। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। एक फेमस लेडी का परफेक्ट फैमिली वाला झूठ पकड़ा जाता है, तो वो अपने बेस्ट फ्रेंड को नकली बॉयफ्रेंड बनाती है। फिर उसे सच में प्यार हो जाता है। 'जॉय टू द वर्ल्ड' को आर डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं।

**टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय :** 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' कहानी है एक फैशन डिजाइनर की। जो जिदगी से परेशान होकर पहाड़ों पर भागती है, वहां बर्फीले तूफान में उसकी मुलाकात एक अजनबी से होती है, जो उसकी खुशी लौटाता है। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' 5 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी।

**क्रिसमस एबव द क्लाउड्स':** 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' 8 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक लड़की की है, जो एक बिजी CEO के साथ प्लेन में फंस जाती है। जिसके बाद उसे क्रिसमस और प्यार का नया मतलब समझ आता है। 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' को भी ओटीटी पर देख सकते हैं।

**ए वेरी जोनस क्रिसमस :** 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' फिल्म जोनस ब्रदर्स की है। इस फिल्म में जोनस ब्रदर्स क्रिसमस मनाने घर जाने की रेस में हैं। यह फिल्म गाने, हंसी और मस्ती से भरपूर है। यह फिल्म बच्चों को बेहद पसंद आएगी। 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' 14 नवंबर को रिलीज हुई थी।

## खबर संक्षेप

### गिरा पारा, पोता में अलाव जलाकर सेंक रहे हाथ



**मालखरौदा।** ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत में इन दिनों तापमान गिरने के साथ ही शाम के समय कड़ाके की ठंड पडना शुरू हो गई है। जिससे बचने के लिए लोग घरों में लकड़ी का अलाव जलाकर हाथ पैर की सिकाई कर रहे हैं, ताकि ठंड से बचा जा सके। ब्लॉक मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत पोता में अलाव का सहारा लेकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे है।

### निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन 14 को

**बिर्रा।** प्रथम हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी सरकंडा पुलिस थाना के पास बहतराई रोड बिलासपुर के द्वारा निशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन 14 दिसंबर रविवार को सुबह 11 बजे से आचार्य चाणक्य सभागार भवन बिर्रा में रखा गया है। जिसमें डॉक्टर रजनीश कुमार पांडे ,डॉक्टर एस के धर ,डॉक्टर लक्ष्मी नारायण मिश्रा, डॉक्टर वैभव कौशिक, डॉक्टर अंबिकेश पांडे आदि के अलावा विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति रहेगी । इस निशुल्क शिविर में आसपास के मरीजों से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का लाभ लेने के लिए शिविर के संयोजक मनोज कुमार तिवारी ने उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### ग्राम भिलौनी में सतनाम महोत्सव तीन दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता आज से

**डोंगाकोहरौद।** पामगढ़ ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत भिलौनी मे इस वर्ष गुरुपर्व पर सतनाम महोत्सव तीन दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता 11 से 13 दिसंबर तक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मंगल पंथी, वक्ता, पंथी नृत्य पर प्रतियोगिता रखा गया है जिसमें प्रथम ईनाम 20 हजार व शील्ड, दूसरा ईनाम 15 हजार शील्ड, तीसरा ईनाम 10 हजार व शील्ड चौथा 5 हजार शील्ड, पाँचवा 25 सौ व शील्ड एंट्री फीस 150 प्रदान किया जाएगा। उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि इंदु बंजारे पूर्व विधायक पामगढ़ , दाऊराम रत्नाकर, प्रदेश प्रभारी बसपा पूर्व विधायक, श्रीमती गौरी छोटू जांगड़े अध्यक्ष नगर पंचायत पामगढ़ कलाकारों के लिए भोजन ठहरने व्यवस्था की गई है। नियम व शर्ते कलाकार अपने वाद्य यंत्र अपने साथ लावे, पंथी नर्तक दल मे सदस्य संख्या, वेश भूषा, वादक गायन, अनुशासन उपरोक्ता के आधार पर अंक निर्धारित होगा निर्णायक दल व निर्णय अन्तिम व सर्व मान्य होगा। प्रीतम कांत, रामचरण मधुकर, दीपक, दीपक दिनकर, सूर्यभान दिनकर, मंच संचालन --रोहित रत्नाकर, रामखिलावन दिनकर, फिरत बघेल तैयारी को लेकर जुटे हुए है।

### 50 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 50 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पकड़ा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्ग दर्शन में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया आरोपी के कब्जे से 50 लीटर अवैध कच्ची महुआ कीमती 5 हजार रुपए को बरामद कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया । उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक कमलेश शेन्डे थाना प्रभारी नवागढ़ एवम थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### फल दुकान में लगी आग, मामला दर्ज

**कोरबा।** बीती रात सोमवार को पुराना बस स्टैंड स्थित फल दुकान में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया था। घटना सुमित ज्वेलर्स के पास स्थित एक फल की दुकान में हुई। जानकारी के अनुसार अज्ञात युवक ने पेट्रोल जैसी ज्वलनशील वस्तु डालकर आग लगाई है। कुछ ही सेकंड में आग पूरे दुकान में फैल गई।

## निधन

### उर्मिला बाई साहू

**डोंगाकोहरौद।** ग्राम पंचायत भिलौनी की प्रतिष्ठित महिला उर्मिला बाई साहू 2 दिसंबर को 76 वर्ष की आयु मे निधन हो गया। वे अपने पीछे पुत्र अरुण कुमार साहू , अनिरुद्ध कुमार साहू, ध्रुव कुमार साहू, चूड़ामणी साहू सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनका अन्तिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम भिलौनी किया गया।



### राजेश लहरे

**पामगढ़।** पामगढ़ ब्लॉक के रसौटा के प्रतिष्ठित नागरिक राजेश लहरे का बुधवार 10 दिसंबर की सुबह निधन हो गया । वे 50 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन सहित क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### दो दिवसीय कार्यक्रम का आज होगा समापन

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव में लोक नृत्य पंथी में प्रतिभागियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जांजगीर-चांपा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को ऑडिटोरियम जांजगीर में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा गढ़ेवाल एव जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ हितेश यादव ने दीप प्रज्वलन कर किया। एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान, प्रेमलाल पांडेय, अर्जुन सिंह क्षत्री, रमेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे। मंच संचालन व्याख्याता दीपक कुमार यादव एवं विकास सिंह ने किया। दो दिवसीय युवा महोत्सव 10 से 11 दिसम्बर तक आयोजित हो रहा है, जिसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष प्रतिभागी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभाशाली युवाओं ने पारंपरिक कला, संस्कृति और सृजनात्मक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान लोक नृत्य, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य, लोक गीत, कहानी लेखन, वाद-विवाद, नवाचार, राउत नाचा, करमा नृत्य, पारंपरिक वेशभूषा, एकांकी नाटक, रॉक बैण्ड, चित्रकला, कविता लेखन जैसे विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों ने अपने कला का प्रदर्शन किया। महोत्सव के समापन सत्र में सभी विधाओं के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।



युवा महोत्सव में प्रस्तुति देते कलाकार




रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देती नर्तक

# सहकारिता उप पंजीयक ने बम्हनीडीह ब्लाक के धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

## किसानों से खरीदे गए धान का कराया भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी

सहकारिता विभाग के उप पंजीयक ने बम्हनीडीह विकासखंड के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस बीच किसानों से खरीदकर रखे गए धान का भौतिक सत्यापन कराया। साथ ही साथ समिति प्रभारियों को आवश्यक व्यवस्था बनाने निर्देशित किया।

ज्ञात हो कि उपपंजीयक सहकारिता मंजू पाण्डेय ने बम्हनीडीह विकासखंड के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों में खरीदे गये धान का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने समितियों को निर्देशित किया कि साफ-सुथरे धान की खरीदी करें। किसानों की सुविधा का भी ध्यान रखा जाये। उपपंजीयक सहकारिता मंजू पाण्डेय ने धान उपार्जन केन्द्र करनौद, पोडीशंकर, लखाली सहित विभिन्न केन्द्रों का निरीक्षण किया और वहां किसानों से खरीदकर रखे गये धान का भौतिक सत्यापन कराया। वहीं धान खरीदी केन्द्र करनौद में निरीक्षण के दौरान आवक रजिस्टर, तौल पत्रक, रकबा समपर्ण की जानकारी ली। वही किसानों द्वारा तौल कराये गये धानों का तौल कराकर देखा गया जिसमें तौल की मात्रा सही पाई गई। केन्द्र में 1309 किसान पंजीकृत है, जिनमें अभी तक 73 किसानों ने अपना धान बेचा है। यहां 2874 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। वही 62 किसानों ने रकबा समपर्ण किया गया। उपपंजीयक ने इस व्यवस्था पर संतोष जताया और उपस्थित कर्मचारियों को यही व्यवस्था आगे भी बनाये रखने के निर्देश दिये। वहीं उपपंजीयक सहकारिता मंजू पाण्डेय ने धान बेचने के लिये आने वाले किसानों को भी परेशानी न हो। उनके लिये पेयजल और छायादार स्थान की व्यवस्था बनाने हेतु भी निर्देश दिये। किसानों को टोकन की जानकारी दी । वहीं उपपंजीयक मंजू पाण्डेय ने उपस्थित किसानों को टोकन की जानकारी दी। जिसमे 2 हेक्टेयर रकबा से कम होने पर 1 टोकन, 5 हेक्टेयर रकबा का 2 टोकन, 10 हेक्टेयर से ऊपर के किसानो को 3 बार टोकन जारी होने कि जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान सहकारिता निरीक्षक विभा कश्यप, प्रभारी समिति के कर्मचारी संस्था प्रबंधक रथलाल डडसेना, आपरेटर रविशंकर जलतारे, विक्रेता हेमंत जायसवाल, चौकीदार राजेन्द्र जांगड़े, भृत्य शिवशंकर देवांगन किसान पवेन्द्र केवट, दुर्गा प्रसाद डडसेना सहित लोग उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के आदेश के अनुसार 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। खरीदी का काम 31 जनवरी 2026 तक चलेगा। इस बीच किसान बडे पैमाने पर धान की बिक्री करते है।



धान खरीदी केन्द्र में निरीक्षण करने पहुंची उप पंजीयक।

# राज्य सलाहकार, राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ने विभिन्न ग्रामों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

राज्य सलाहकार, राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण रायपुर श्रीमती मोनिका सिंह के द्वारा बुधवार को जनपद पंचायत जैजैपुर जनपद के ग्राम पंचायत पेंड्री बरेकेलकला ,डोटमा, देवरिमठ झरप मे सामुदायिक शौचालय, ठोस एवम् तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यो का निरीक्षण किया गया।

ज्ञात हो कि जिला सक्ती में जनपद पंचायत जैजैपुर जनपद के ग्राम पंचायत पेंड्री बरेकेलकला ,डोटमा, देवरिमठ झरप मे सामुदायिक शौचालय, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यो का निरीक्षण किया गया। जिसमें गांव गांव में घर-घर कचरा संग्रहण कार्य के लिए संलग्न स्वच्छाग्राही समूह के सदस्यों से स्वच्छता के संबंध में समझाइश देकर कचरा संग्रहण कर गीला सूखा कचरा अलग अलग रखने की बात कही गई। इसके साथ ही उनके द्वारा अन्य विभिन्न स्वच्छता संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया गया और आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत की टीम, जनपद की टीम, सरपंच, सचिव , ग्रामीणजन, स्वच्छग्राही, उपस्थित रहे।



# मिशन मेले को लेकर सीईओ ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

जनपद पंचायत के सभा कक्ष में 10 दिसंबर को 24 दिसम्बर से शुरू होने वाले मिशन मिले के संबंध में बैठक रखी गई थी।

जनपद पंचायत के सीईओ संदीप कश्यप के अलावा जनपद अध्यक्ष कवि शरण वर्मा, उपाध्यक्ष रितेश साहू जनपद सदस्यों मालखरौदा छोटे सीपत, कलमी के सरपंचों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण और जन प्रतिनिधि पहुंचे थे जहां जनपद द्वारा कराए जाने वाले मेला के संबंध में अपना सुझाव दिया गया साथ ही 15 तारीख को जनपद परिसर में दोपहर को मेला को ठेका देने के लिए बैठक का आयोजित किया गया है बैठक में सभी ने एक स्वर में चारों दिशा में बिजली पानी शौचालय के अलावा रोजाना साफ सफाई किए जाने का मांग किया। जिसे सभी ने सहमति दी। इसके अलावा मेला परिसर में पुलिस सहायता, प्राथमिक उपचार, जनपद के कर्मचारी के लिए टेंट लगाए जाने पर सहमति बनी। इसके साथ ही जो भी ठेका लेगा उसको 110 परसेंट राशि जमा करने को कहा गया है। ताकि मेला खत्म होने पर सफाई व्यवस्था करके देने पर 10 प्रतिशत राशि वापस किया जा सकेगा मेला परिसर के आसपास स्थित सभी शौचालय का साफ सफाई भी किया जाएगा।



बैठक में चर्चा करते अफसर व जनप्रतिनिधि।

### हायर सेकंडरी स्कूल में अग्निवीर जगदीश का किया गया सम्मान



**अकलतरा।** भारतीय सेवा अग्निवीर में चयनित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रथम नगर आगमन पर ग्राम पड़रिया के अग्नि वीर जगदीश प्रसाद पटेल का शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़रिया में स्वागत एवं सम्मान किया गया। अग्नि वीर जगदीश प्रसाद पटेल की मां भी मंचस्थ अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। कार्यक्रम केदौरान छात्रा किरण चौहान, प्रिंसी, दिशा, सविता आरुषी, अरुणा द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। स्वागत गीत सावित्री साहू संगीता केंवट द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुशील बसंत बंजारे, शुभम शर्मा, ऊमाकांत टैगोर, किरण सिंह चंदेल के द्वारा पड़रिया के युवक जगदीश प्रसाद पटेल के अग्नि वीर में चयनित होकर देश की सेवा करने को गांव एवं ग्राम वासियों के लिए गर्व का विषय बताया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता राजकिशोर धिरही द्वारा किया गया।इस अवसर पर दिनेश खटकर, सुरज प्रकाश कंवर एवं ग्रामवासी व विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में परिक्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय टीसीएल स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर द्वारा 29 नवंबर को कराया गया था।

जिसमें विभिन्न महाविद्यालय से आए प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया। जिसमें डॉ.भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ के विद्यार्थियों ने भाग लेकर एथलेटिक्स के विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। दौड़ में प्रथम स्थान पर छात्र दिनेश कश्यप 800 मी,1500 मी.,10 हजार मीटर जयप्रकाश 5 हजार मीटर, कल्पना 8 सौ मीटर,चंद्रकला 1500 मीटर .,10 हजार मीटर द्वितीय स्थान पर अनुराग पटेल 5 हजार मीटर तृतीय स्थान पर अंजू साहू 200 मी.) रही। इसी क्रम में परिक्षेत्र स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल द्वारा 7 दिसंबर को आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ की क्रिकेट टीम उपविजेता रही। एथलेटिक्स व क्रिकेट प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एस.के यादव द्वारा छात्र-छात्राओं को लगातार मेहनत करते हुए सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया गया। महाविद्यालय की क्रीड़ा प्रभारी सुश्री मीरा टंडन ने बताया कि प्रतिभागियों ने कड़ी मेहनत कर यह सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.एस.के त्रिपाठी,डॉ.एस.आर.महेंद्र, डॉ आशीष तिवारी, डॉ श्वेता जैन, श्रीमती चांदनी छाबड़ा, श्रीमती संतोषी उराव ,श्रीमती लक्ष्मी गौरी कुजूर, आरएस विश्वकर्मा, सूर्यकांत सिंह जयदेव, विक्रम सिंह आजाद, , सुश्री तारिका नायक ,सुश्री अंकिता करभाल द्वारा छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी गई।



# टेंपल सिटी में प्लास्टिक डिस्पोजल पर कार्रवाई के बाद अब आई कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

नगर पंचायत शिवरीनारायण में प्लास्टिक डिस्पोजल उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू होते ही प्लास्टिक डिस्पोजल के इस्तेमाल में 90 प्रतिशत की कमी आई है। दुकानदारों पर जुर्माना की कार्रवाई होने के बाद भी प्लास्टिक डिस्पोजल उपयोग करते पाए जाने पर एफआईआर की कार्रवाई की जाएगी। एफआईआर कराने के बाद दुकान को सील किया जाएगा।

नगर में किसी भी दुकानदार द्वारा प्लास्टिक डिस्पोजल का इस्तेमाल करते पाए जाने पर नगर पंचायत द्वारा जुर्माना की कार्रवाई लगातार की जा रही हैं। इसके साथ ही नगर में खुले में कचरा फेंकने वाले और खुले में शौच करने वाले लोगों पर जुर्माना लगाया जा रहा हैं। नगर पंचायत के कर्मचारी लगातार नगर में घूम कर प्लास्टिक डिस्पोजल का इस्तेमाल नहीं करने की अपील करने के अलावा जुर्माने की कार्रवाई भी कर रहे हैं।नगर को स्वच्छ रखने के लिए तीन स्वच्छता कमांडो टीम की तैनाती की गई हैं।जो नगर में लगातार भ्रमण करते हुए गंदगी फैलाने वाले और पालीथीन का इस्तेमाल करने वाले के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। नगर पंचायत शिवरीनारायण में प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया हैं। प्लास्टिक डिस्पोजल का इस्तेमाल कम हुआ हैं और चौक चौराहों में स्वच्छता दिखाई पड़ रही हैं। सब्जी मार्केट में सभी सब्जी व्यापारियों द्वारा बायो पालीथीन का इस्तेमाल किया जा रहा हैं। लोगो में जन जागरूकता लाने के लिए जगह जगह दिवालो पर प्लास्टिक डिस्पोजल प्रतिबंध का संदेश लिखवाया गया हैं। नगर भ्रमण में आए पर्यटकों को भी इसकी जानकारी दी जा रही है।



सब्जी विक्रेताओं को समझाईश देते नपं की टीम।

# सच्चे संत के लिए ईश्वर इच्छा ही सर्वोपरि-युगल शरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 21 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला का 11वां दिन आध्यात्मिक उत्साह और भक्ति रस से सराबोर रहा। प्रातःकालीन सत्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और स्वामी युगल शरण के दिव्य संदेशों का श्रवण कर आध्यात्मिक ज्ञान अर्जित किया।

प्रवचन में स्वामी ने वास्तविक संत की पहचान एवं सावधानियाँ" विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान की प्राप्ति के लिए उनके अनन्य भक्त वास्तविक महापुरुष की शरणागति अनिवार्य है। शास्त्रों में ऐसे संतों के लक्षण स्पष्ट रूप से बताए गए हैं, जिन्हें पहचान कर ही साधक सही मार्ग पर अग्रसर हो सकता है। स्वामी जी ने कहा कि सच्चा संत श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ होता है अर्थात वह शास्त्रों का गहन ज्ञान तो रखता ही है, साथ ही स्वयं भगवद्भक्ति और अनुभूति से तद्रूप होकर जीवन व्यतीत करता है। उन्होंने बताया कि वास्तविक संत संसार में उलझाते नहीं, सिद्धियों का प्रदर्शन नहीं करते, और न ही बिना पात्रता के किसी को दीक्षा देते हैं।स्वामी जी के अनुसार बाहरी वेशभूषा से महापुरुष को पहचानना असंभव है, क्योंकि संतत्व का स्वरूप अंतःकरण की पवित्रता और ईश्वरीय प्रेम से निर्मित होता है। सच्चा संत न आशीर्वाद देता है, न अभिशाप क्योंकि उसके लिए ईश्वर की इच्छा ही सर्वोपरि होती है। पउन्होंने कहा कि भगवद्प्राप्त संत की वाणी साधक के हृदय को स्पर्श कर उसके संदेहों का समाधान करती है। उन्होंने चार प्रमाण प्रत्यक्ष, शब्द, अनुमान और अनुभव प्रमाण का उल्लेख करते हुए बताया कि संत की पहचान में ईश्वरीय प्रेम सर्वश्रेष्ठ प्रमाण है। ऐसी अवस्था में संत के भीतर अष्ट सात्त्विक भाव स्तम्भ, स्वेद, रोमांच, स्वरभेद, वेपथु, वैवर्ण्य और अश्रु स्वतः प्रकट हो जाते हैं। यह दिव्य स्थिति वास्तविक संतत्व की प्रत्यक्ष पहचान मानी जाती है। स्वामी ने कहा कि निरंतर संत-संग से साधक का मन निर्मल होता है और उस पर संत का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देने लगता है। उल्लेखनीय है कि ओड़िशा के एक वैष्णव परिवार में जन्मे स्वामी युगल शरण को बाल्यकाल से ही साधु-संग का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भारत सरकार में वरिष्ठ वैज्ञानिक के रूप में उल्लेखनीय सेवा देने के बाद उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भक्तिमार्ग और जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया। प्रवचन के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भजन, कीर्तन और ध्यान-साधना का आनंद लिया। आयोजकों ने बताया कि प्रवचन श्रृंखला के शेष दिनों में भी इसी प्रकार दिव्य ज्ञान और भक्ति रस का प्रवाह जारी रहेगा।



कथा श्रवण करने पहुंचे श्रद्धालु तथा इंसेट में कथा सुनाते युगल शरण महाराज

